देहरादून,पौड़ी–गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित www.page3news.in नगर संस्करण वर्ष 15 अंक: 17 पृष्ठ : 8 मूल्य: एक रूपए

**विचार–प्रवाह...**आगे स्थिति और भयावह



# पेज थ्री

देहरादून, शुक्रवार, 10 अप्रैल 2020



मौसम अधिकतम 32.0° न्यूनतम 18.0°

30906.49

2 यूरोप से वापस एशिया लौट रही आपदा ?
7 धोनी–विराट की कप्तानी में क्या अंतर

## संक्षिप्त समाचार

### कनिका कपूर से होगी पूछताछ, सवाल तैयार

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** लखनऊ। कोरोना वायरस को हराकर घर लौटीं बॉलिवुड सिंगर कनिका कपूर की मुसीबतें अभी कम नहीं हुई हैं। एसजीपीजीआई से छुट्टी मिलने के बाद वह 14 दिनों के सेल्फ क्वारंटाइन में लखनऊ में अपने एक रिश्तेदार के यहां रह रही हैं। इधर लखनऊ पुलिस उनका सेल्फ क्वारंटाइन पीरियड पूरा होने के बाद पूछताछ करने की तैयारी कर रही है।

कनिका कपूर ने कोरोनो वायरस से संक्रमित होने के बावजूद शहर में विभिन्न सामाजिक कार्यक्रमों में भाग लिया था। उनके खिलाफ 20 मार्च को लापरवाही बरतने के आरोप में सरोजनी नगर पुलिस थाने में भारतीय दंड संहिता की धाराओं 188, 269 और 270 के तहत मामला दर्ज किया गया था।

### कोरोना पॉजिटिव डॉक्टर की मौत, मचा हड़कंप

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** इंदौर। मध्यप्रदेश के इंदौर में कोरोना कहर बरपा रहा है। यहां कोरोना पॉजिटिव मरीजों की संख्या 213 पहुंच गई है। इंदौर में भी कई डॉक्टर कोरोना से संक्रमित हैं। शहर में एक संक्रमित डॉक्टर की कोरोना से मौत हुई है। जिले के सीएमएचओ ने इसकी पुष्टि कर दी है। इसके साथ ही इंदौर में मृतकों की संख्या 22 पहुंच गई है। पूरे मध्यप्रदेश में इंदौर में कोरोना से सबसे ज्यादा मौत हुई है।

### सील हुए इलाकों में लोगों के घर पहुंचेगी सब्जी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नोएडा। कोरोना के संक्रमण को रोकने के लिए यूपी सरकार ने गौतमबुद्ध नगर जिले के कई इलाकों को हॉट स्पॉट घोषित करते हुए सील कर दिया है। सरकार का कहना है कि इन इलाकों में फिलहाल किसी को आने–जाने की अनुमति नहीं है। हॉटस्पॉट के रूप में चिन्हित इन इलाकों में दुकानों को बंद रखा गया है। डीएम सुहास एल वाई ने गुरुवार को सप्लाई करने वाले वेंडर्स की लिस्ट भी जारी की है।

# 8 राज्यों में दोगुने हुए कोरोना के मरीज

पिछले 2–4 दिनों में डबल हो गए कोविड–19 केस

## खतरनाक संकेत: कोरोना ने बढ़ाई संक्रमण की रफ्तार

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। दुनियाभर में तबाही मचा रहे कोरोना वायरस का कहर भारत में भी जारी है। देश के सर्वाधिक प्रभावित 10 राज्यों में से 8 में पिछले दो से चार दिनों में संक्रमितों की तादाद दोगुनी हो गई है। देश में कोरोना वायरस के कुल मामलों में से 84 प्रतिशत केवल महाराष्ट्र, तमिलनाडु, दिल्ली, तेलंगाना, केरल, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, आंध्र प्रदेश, मध्य प्रदेश और कर्नाटक से मिले हैं।



### इन राज्यों में दोगुने हुए संक्रमित मरीज

केरल और कर्नाटक को छोड़कर शेष 8 राज्यों में कोरोना वायरस से संक्रमितों की तादात 1 अप्रैल से 8 अप्रैल के बीच दोगुनी हो गई है। स्वास्थ्य मंत्रालय ने रविवार को बताया था कि दिल्ली के तबलीगी जमात के मरकज के कारण देश में कोरोना वायरस के मामले केवल 4.1 दिन में ही दोगुने हो गए थे। ये राज्य महाराष्ट्र, तमिलनाडु, दिल्ली, तेलंगाना, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, आंध्र प्रदेश और मध्य प्रदेश हैं।

**दिल्ली में दो दिनों में डबल हुए मामले:** दिल्ली में केवल दो दिनों में ही संक्रमण की दर दोगुनी देखने को मिली। 2 अप्रैल को दिल्ली में कोरोना वायरस से संक्रमितों की संख्या 223 थी। 4 अप्रैल को यह आंकड़ा बढ़कर 447 हो गया था। दिल्ली में निजामुद्दीन और शाहदरा इलाका अब भी कोरोना वायरस का हॉटस्पॉट बना हुआ है।

**यूपी सहित इन राज्यों में तीन दिन में दोगुने हुए संक्रमित** महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश और तेलंगाना में तीन दिन में मरीजों की संख्या डबल हुई है। 4 अप्रैल को महाराष्ट्र में मरीजों की संख्या 498 थी जो 7 अप्रैल को बढ़कर 1018 हो गई। वहीं, तेलंगाना में 3 अप्रैल को संक्रमितों की संख्या 161 थी जो 6 अप्रैल को 322 हो गई। उत्तर प्रदेश में भी 2 अप्रैल को 114 मरीज थे जो 5 अप्रैल को बढ़कर 231 हो गए।

**केरल और कर्नाटक में धीमी हुई कोरोना की रफ्तार:** केरल और कर्नाटक में कोरोना वायरस के प्रसार की संख्या अन्य राज्यों की अपेक्षा धीमी हुई है। ताजा मामलों के अब भी आने के बावजूद इन राज्यों में पिछले सात दिनों में मरीजों की संख्या दोगुनी नहीं बढ़ी है। केरल में कोरोना से ठीक हुए मरीजों की संख्या 70 है।

### दुनियाभर में कोरोना के मामलों की संख्या 15 लाख से अधिक हुई

पेरिस। दुनियाभर में कोरोना वायरस के मामले 15 लाख से अधिक का आंकड़ा पार कर गए हैं। आधिकारिक सूत्रों से एकत्रित किए गए आंकड़ों के अनुसार, गत वर्ष चीन में इस विषाणु के सामने आने के बाद से 192 देशों और क्षेत्रों में 1,502,478 संक्रमित लोगों में से 87,320 लोगों की मौत हो चुकी है।राष्ट्रीय प्रशासनों और विश्व स्वास्थ्य संगठन के आंकड़ों से बनी तालिका संक्रमण के वास्तविक मामलों का केवल एक हिस्सा है। कई देश केवल गंभीर मामलों की ही जांच कर रहे हैं। चीन के हुबेई प्रांत का वुहान शहर कोरोना वायरस का सबसे पहला शिकार बना था। लॉकडाउन खोले जाने के साथ ही इसकी चमक लौटने लगी है।

## सीएम नवीन पटनायक ने किया 30 अप्रैल तक लॉकडाउन बढ़ाने का ऐलान

# लॉकडाउन बढ़ाने वाला पहला राज्य बना ओडिशा

30 अप्रैल तक केंद्र से ट्रेन–फ्लाइट भी नहीं चलवाने की अपील

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

भुवनेश्वर। देशभर में लॉकडाउन बढ़ने की चल रही चर्चाओं के बीच ओडिशा सरकार ने बड़ा कदम उठाया है। राज्य की नवीन पटनायक सरकार ने लॉकडाउन की अवधि बढ़ाने का फैसला किया है। ओडिशा सरकार ने राज्य में 30 अप्रैल तक के लिए लॉकडाउन बढ़ाने की घोषणा की है। ऐसा करने वाला ओडिशा देश का पहला राज्य बन गया है।

**अभी देश में 14 अप्रैल तक लॉकडाउन:** बता दें कि देश में 14 अप्रैल तक के लिए लॉकडाउन की घोषणा की गई है। इसके साथ ही ट्रेन सेवाएं भी पूरी तरह से बंद हैं। सिर्फ मालगाड़ियों के जरिए जरूरी चीजों की ढुलाई की जा रही है। इससे पहले कुछ राज्यों के मुख्यमंत्रियों ने पीएम नरेंद्र मोदी से चर्चा के दौरान लॉकडाउन बढ़ाने का सुझाव दिया था।

### 17 जून तक के लिए स्कूल–कॉलेज बंद

ओडिशा के सीएम नवीन पटनायक ने इस फैसले के बारे में जानकारी दी है। इसके साथ ही राज्य सरकार ने केंद्र से इस अवधि के दौरान ट्रेन और विमान सेवाएं नहीं शुरू करने की अपील की है। ओडिशा सरकार ने राज्य के सभी शिक्षण संस्थानों को 17 जून तक के लिए बंद करने का फैसला किया है। इस दौरान स्कूल, कॉलेज और यूनिवर्सिटीज बंद रहेंगी।

**ओडिशा में अब तक ४२ कोरोना पॉजिटिव:** ओडिशा में अब तक कोरोना वायरस संक्रमण के कुल 42 मामले सामने आ चुके हैं। इनमें से दो डिस्चार्ज हो चुके हैं, जबकि एक मरीज की मौत हुई है। भुवनेश्वर में कोरोना वायरस से संक्रमित 73 साल के बुजुर्ग की मौत हो गई थी। यह कोरोना से राज्य में हुई पहली मौत थी। अधिकारियों ने मंगलवार को बताया कि बुजुर्ग की मौत सोमवार को हुई थी और जांच में पुष्टि हुई है कि वह कोरोना संक्रमण से पीड़ित थे। जांच रिपोर्ट मंगलवार को आई। मृतक भुवनेश्वर के झारपाडा इलाके के रहने वाले थे।

### कैबिनेट ने नौ प्रस्ताव पर लगायी मुहर

राज्य कैबिनेट बैठक में नौ प्रस्ताव पर मुहर लगी है। इसमें कोरोना से मुकाबला करने के लिए भविष्य की रणनीति को लेकर प्रस्ताव, आपातकालीन कोष कानून में संशोधन के लिए प्रस्ताव, 1 लाख परीक्षण कीट संग्रह करने के लिए स्वास्थ्य विभाग के प्रस्ताव को मंजूरी, महामारी कानून में संशोधन जैसे प्रस्ताव कैबिनेट में पारित हुए हैं।

# कोविड–19 मरीजों की लगातार बढ़ रही है संख्या

संक्रमितों की संख्या बढ़कर 5,734 हुई, 166 मौते

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। कोरोना वायरस के कारण देश में मरने वाले लोगों की संख्या 166 पर पहुंच गई है और संक्रमित लोगों की संख्या बढ़कर 5,734 हो गई है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि अब भी 5,095 लोग संक्रमित हैं जबकि 472 लोग स्वस्थ हो चुके हैं और उन्हें अस्पताल से छुट्टी मिल चुकी है तथा एक व्यक्ति देश छोड़कर चला गया है।

मंत्रालय ने बताया कि देशभर में पिछले 24 घंटे में 17 और लोगों की मौत हुई है। उसने बताया कि आठ लोगों की मौत महाराष्ट्र में, तीन की गुजरात में, दो की जम्मू कश्मीर में और एक–एक व्यक्ति की मौत पंजाब, उत्तर प्रदेश, कर्नाटक तथा तमिलनाडु में हुई है। महाराष्ट्र में कोरोना वायरस से सबसे अधिक 72 लोगों की मौत हुई है। इसके बाद गुजरात में 16 लोगों की, मध्य प्रदेश में 13 और दिल्ली में नौ लोगों की मौत हुई।

पंजाब तथा तमिलनाडु में आठ–आठ लोगों की मौत हुई जबकि तेलंगाना में सात लोगों ने जान गंवाई। पश्चिम बंगाल और कर्नाटक में पांच–पांच लोगों की मौत हुई।

आंध्र प्रदेश, जम्मू कश्मीर तथा उत्तर प्रदेश में चार–चार लोगों ने जान गंवाई जबकि हरियाणा और राजस्थान में तीन–तीन लोगों की मौत हुई।

# सीएम की कुर्सी का टेंशन दूर!

राज्यपाल कोटे से उद्धव ठाकरे बनेंगे एमएलसी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

मुंबई। महाराष्ट्र में एमएलसी का चुनाव टलने के बाद मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे को राज्यपाल कोटे से एमएलसी बनाया जाएगा। महाराष्ट्र कैबिनेट में इसको लेकर प्रस्ताव पास हो गया है। इस राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी से अनुरोध किया गया है।

बता दें कि महाराष्ट्र में कोरोना वायरस के खतरे को देखते हुए एमएलसी चुनाव टाल दिया गया था। इसके बाद से ही उद्धव की सीएम पद की कुर्सी पर संकट के बादल मंडरा रहे थे। हालांकि अब बादल छंटते नजर आ रहे हैं।

बता दें कि संविधान की धारा 164 (4) के अनुसार, किसी राज्य के मुख्यमंत्री का 6 महीने के अंदर ही सदन का सदस्य होना अनिवार्य होता है। उद्धव ठाकरे ने 28 नवंबर 2019 को सीएम पद की शपथ ली थी। ऐसे में सीएम पद को बनाए रखने के लिए 28 मई से पहले ही उनका विधानमंडल का सदस्य होना जरूरी है।

*Are you Planning to make a Website or already have ?*
*If yes, then we are here to serve you*
What we do
**Website Development**
All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.
**Promotion & Branding**
1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries)
2. Social Media
3. Bulk SMS
**Search Engine Optimisation**
A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly.
You tell us, we do it.
Contact:
**Gadoli Media Ventures**
Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. | Mob: 9319700701, 7579011930
E-Mail: contact@gadoli.in